# नए साल में पाकिस्तान ने फिर छेड़ा कश्मीर राग

## न्यूज डायरी



1995 की तस्वीर में शराब पीते नजर आ रहे येलित्सन

### ईरान को इसकी कीमत चुकानी होगी: डॉनल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नए साल की बधाई देते हुए ईरान को बहुत सख्त अंदाज में चेतावनी दी। परमाणु समझौते से अलग होने के बाद से अमेरिका का रुख ईरान के लिए बहुत सख्त रहा है। इराक में अमेरिकी दूतावास के बाहर ईरानी समर्थकों के प्रदर्शन और पत्थरबाजी पर ट्रंप ने ईरान को अंजाम भुगतने की धमकी दी। ट्रंप ने ट्वीट कर दो टूक अंदाज में कहा कि यह कोई चेतावनी नहीं नहीं बल्कि स्पष्ट धमकी है। बता दें कि इराक में अमेरिकी दूतावास के बाहर हजारों की संख्या में ईरानी समर्थकों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान ईरानी समर्थकों ने दूतावास पर पत्थर भी फेंके। ट्रंप ने ट्वीट किया, इराक स्थित अमेरिकी दूतावास पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे बहुत से साहसी योद्धा दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना के साथ तत्काल घटना स्थल के लिए रवाना हो गए।

### पाकिस्तान ने भारतीय कैदियों की सूची सौंपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने देश की जेल में बंद 55 नागरिकों और 227 मछुआरों समेत 282 भारतीय कैदियों की एक सूची द्विपक्षीय समझौते के तहत बुधवार को भारतीय उच्चायोग को सौंपी।विदेश कार्यालय ने बताया कि यह सूची 21 मई, 2008 को पाकिस्तान और भारत के बीच हुए राजनयिक पहुंच समझौते के प्रावधानों के तहत सौंपी गई है। दोनों देशों को एक–दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूचियों का आदान–प्रदान एक साल में दो बार, एक जनवरी और एक जुलाई को करना आवश्यक होता है। विदेश कार्यालय ने बताया कि भारत सरकार भी पाकिस्तानी कैदियों की सूची नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के साथ साझा करेगी।

### तालिबान ने अफगान सुरक्षा बलों को निशाना बनाया, 26 मरेः अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान ने उत्तरी अफगानिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए कई हमले किये जिससे 26 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। तालिबान ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। प्रांतीय परिषद के प्रमुख मोहम्मद यूसुफ अयूबी के अनुसार, मंगलवार देर रात उत्तरी कुंदुज प्रांत के दशाती आर्ची जिले में एक जांच चौकी पर हुए हमले में कम से कम 10 अफगान सैनिकों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये।बाख प्रांतीय परिषद के प्रमुख मोहम्मद अफजल हदीद ने बताया कि बाख प्रांत में एक जांच चौकी पर तालिबान के हमले में नौ पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। जांच चौकी पर मौजूद अन्य चार पुलिसकर्मियों की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने दावा किया कि बाख में विद्रोही कुछ समय पहले ही पुलिस विभाग में घुस गए थे और वे हमला करने का मौका तलाश रहे थे।

### किम अपनी जुबान के पक्के इंसान हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पाम बीच (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि उनका मानना है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन परमाणु निरस्त्रीकरण पर अपने वादों पर कायम रहेंगे। वहीं, किम ने ''नया सामरिक हथियार'' लाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा में नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, ''हमने एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में बात की थी। पहला वाक्य था 'परमाणु निरस्त्रीकरण', जो सिंगापुर में तय हुआ। मुझे लगता है कि वह अपनी जुबान के पक्के इंसान हैं।'' राष्ट्रपति सिंगापुर में किम के साथ हुई, 2018 की ऐतिहासिक शिखर वार्ता का जिक्र कर रहे थे। दोनों ने उस समय ''कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण'' पर अस्पष्ट बयान दिए थे और ''नये सिर से अमेरिका–उत्तर कोरिया संबंध बनाने'' पर राजी हुए थे। फ्लोरिडा में ट्रम्प ने अपने पहले के बयानों को दोहराया कि वह और किम एक–दूसरे को ''पसंद'' करते हैं और उनके बीच बहुत अच्छे संबंध हैं।

## मुद्दा

अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने भारत में अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाया जाएगा

### पाकिस्तान में उच्च स्तरीय बैठक 2020 में कश्मीर पर रणनीति बनाने के लिए की गई



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान साल 2019 में इस चिंता में रहा कि कश्मीर मुद्दे पर दुनिया उसकी बात क्यों नहीं सुन रही है और चुप क्यों है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दे पर भाव नहीं मिलने के बाद भी पाक अपनी लकीर पकड़े हुए है। साल 2020 में कश्मीर पर मुंह की न खानी पड़े इसके लिए उसने नई कवायद करने का फैसला किया है। पाक का कहना है कि वह कश्मीर मुद्दे पर 'दुनिया की चुप्पी' को तोड़ने के लिए नए सिरे से राजनयिक पहल और मीडिया अभियान शुरू करने जा रहा है।

पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को विदेश मामलों की सलाहकार समिति की बैठक और एक अन्य मंत्रिस्तरीय कमेटी की बैठक में ऐसी राजनयिक पहल और मीडिया अभियान के बारे में विचार किया गया। दोनों बैठकों की अध्यक्षता विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने की।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'इन बैठकों में कश्मीर में लगातार खराब हो रही मानवाधिकारों की स्थिति, नियंत्रण रेखा पर भारत द्वारा संघर्षविराम के लगातार उल्लंघन और भारत के नागरिकता कानून पर विचार–विमर्श किया गया।'

**पाक की विदेश नीति में कश्मीर को बताया महत्वपूर्णः** विदेश मामलों की सलाहकार समिति की बैठक में कई पूर्व विदेश सचिवों और विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इसमें कहा गया कि सरकार को कश्मीर के हालात के बारे में विश्व समुदाय को आगाह करने के लिए नए सिरे से राजनयिक प्रयास करने की जरूरत है। मंत्रिस्तरीय कमिटी की बैठक में कुरैशी के साथ कई संघीय मंत्री, प्रधानमंत्री के सुरक्षा मामलों के सलाहकार मोईद यूसुफ व कुछ अन्य मामलों के सलाहकार और विदेश सचिव सोहैल महमूद ने हिस्सा लिया। इसमें मुख्य रूप से इस बात पर विचार किया गया कि विदेश नीति के खास मुद्दों, जिसमें कश्मीर का मुद्दा प्रमुखता से शामिल है। कश्मीर पर पाकिस्तानी रुख को स्पष्ट करने के लिए मीडिया का सहारा किस रूप में लिया जा सकता है।

**दुनिया के सामने भारतीय अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाएगा पाक**

इस बैठक में विदेश मंत्री कुरैशी ने कहा, 'सरकार कश्मीरियों की तकलीफों को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र समेत हर मंच से कश्मीरियों की आवाज उठाई जाएगी।' उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कवरेज से कश्मीरियों की तकलीफों की तरफ दुनिया का ध्यान जाएगा। एक अन्य बयान में कुरैशी ने कहा कि 'नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ प्रदर्शन से भारत स्पष्ट रूप से दो हिस्सों में बंट गया है। एक हिस्सा भारत के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की तरफ है और एक हिस्सा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिंदुत्व अजेंडे की तरफ।

## पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची भारत के साथ साझा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद, एक जनवरी (भाषा) पाकिस्तान ने द्विपक्षीय समझौते के तहत बुधवार कोअपने परमाणु प्रतिष्ठानों की एक सूची को भारत के साथ साझा किया। विदेश कार्यालय ने यहां एक बयान में कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच 31 दिसम्बर, 1988 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे।

परमाणु प्रतिष्ठानों और केन्द्रों के खिलाफ हमलों पर रोक के समझौते के अनुच्छेद–दो के अनुसार सूची भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी को सौंपी गई। बयान में कहा गया है, ''पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की एक सूची आधिकारिक रूप से आज सुबह साढ़े दस बजे विदेश मंत्रालय में भारतीय उच्चायोग के एक प्रतिनिधि को सौंपी गई।'' विदेश कार्यालय ने कहा कि नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची सुबह 11 बजे पाकिस्तान उच्चायोग के एक प्रतिनिधि को सौंपी।

इस समझौते के तहत दोनों देशों के लिए हर साल एक जनवरी को एक–दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों और केंद्रों की सूचना देना अनिवार्य है। विदेश कार्यालय के अनुसार एक जनवरी, 1992 से लगातार ऐसा किया जा रहा है।



### ऑस्ट्रेलिया में आग से 200 घर तबाह, 7 की मौत


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के जंगलों में लगी आग से हालात काफी गंभीर हो गए हैं। पुलिस ने बुधवार को कहा कि जंगल में लगी विनाशकारी आग में सोमवार से अभी तक कम से कम सात लोगों की मौत हो चुकी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस सप्ताह तट की ओर बढ़ रही हाल में लगी आग ने 200 से अधिक घरों को भी नष्ट कर दिया है।

## बराक ओबामा 2019 के फेवरिट गानों की लिस्ट में भारतीय सिंगर प्रतीक कुहाड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2019 के अपने पसंदीदा गानों की लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में एक भारतीय सिंगर का भी नाम है। मूल रूप से जयपुर के रहनेवाले प्रतीक कुहाड के गानों को ओबामा ने अपनी फेवरिट लिस्ट में शामिल किया। ओबामा के इस ट्वीट के साथ ही भारतीयों ने प्रतीक के बारे में गूगल सर्च शुरू कर दी। प्रतीक के जिस गाने को ओबामा ने अपना पसंदीदा गीत बताया है, वह उनके अल्बम कोल्ड मेस का गीत है।

**भारतीय गायक को ओबामा ने बताया पसंदीदाः** ओबामा ने अपने



ट्वीट में लिखा, हिप हॉप से लेकर कंट्री तक और द बॉस तक ये रहे इस साल के मेरे पसंदीदा गीत। इस लिस्ट में प्रतीक का भी नाम शामिल है। प्रतीक ने ओबामा के इस ट्वीट को भी रीट्वीट किया। ओबामा की तारीफ से उत्साहित प्रतीक ने लिखा, यह बस अभी–अभी हुआ है और मुझे नहीं लगता है कि मैं आज रात सो भी पाऊंगा। मुझे नहीं पता कि कोल्ड मेस उन तक पहुंचा, लेकिन शुक्रिया बराक ओबामा! शुक्रिया यूनिवर्स! मुझे नहीं लगता था कि 2019 मेरे लिए इससे अच्छा हो सकता है, लेकिन मैं गलत था।

जयपुर के प्रतीक के संगीत की दुनिया दीवानी

प्रतीक कुहाड मूल रूप से जयपुर के रहनेवाले हैं। उन्होंने जयपुर के मशहूर महाराजा सवाई मान सिंह स्कूल से पढ़ाई की है। न्यू यॉर्क में उन्होंने गणित और अर्थशास्त्र विषय से आगे की पढ़ाई की। स्कूली दिनों से ही प्रतीक को गाने लिखने का शौक हुआ और उन्होंने शौकिया संगीत के लिए काम करना शुरू कर दिया। प्रतीक ने बताया कि जैसे ही ओबामा ने ट्वीट किया, उसके कुछ ही देर बाद से लगातार मेरा फोन बज रहा है। लोग मुझे बधाई देने के लिए फोन कर रहे हैं।

### वेनेजुएला की जेल में हिंसा, रात भर हुई फायरिंग में 10 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कारकस। वेनेजुएला के एक जेल में झड़प में 10 कैदियों की मौत की सूचना आ रही है। मानवाधिकार समूह उना वेनतना ए ला लिब्रेटिड ने मंगलवार को बताया कि उत्तर–पश्चिमी राज्य जूलिया स्थित कैबीमास जेल में सोमवार शाम हुई झड़प में कम से कम चार ग्रेनेड विस्फोट किए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात भर जेल में फायरिंग होती रही। वेनेजुएला अधिकारियों ने दंगों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में प्रकाशित खबर के अनुसार, एनजीओ ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि स्थानीय लोगों ने सोमवार की देर रात जेल के पास भारी विस्फोट की आवाज सुनी। आसपास रहनेवाले लोगों का कहना है कि विस्फोट के बाद पूरी रात गोलियों की आवाज भी सुनाई देती रही। अभी तक प्रशासन ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। वेनेजुएला की जेलों में हिंसक झड़प और गैंगवार की कई घटनाएं हो चुकी हैं। देश में कई डिटेंशन सेंटर हैं जिनमें क्षमता से अधिक कैदियों को रखा जाता है। बिगड़ती अर्थव्यवस्था के साथ वेनेजुएला में इस वक्त कई तरह की और परेशानियां भी चल रही हैं।